आइआइएम रांची के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची के सत्र 2022-23 के विद्यार्थियों के बीच फाइनल और समर प्लेसमेंट की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है. अभ्यर्थियों का चयन प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ है. बीते वर्ष की तुलना में एमबीए प्रोग्राम के विद्यार्थियों की संख्या इस वर्ष 58 फीसदी अधिक थी. इसके बाद भी विद्यार्थियों ने विभिन्न कंपनियों में खुद को स्थापित करने में सफलता हासिल की है.

इस वर्ष एमबीए के छात्रों के औसत पैकेज में बीते वर्ष से आठ फीसदी का इजाफा हुआ है. एमबीए-एचआर के विद्यार्थियों के औसत पैकेज में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. वहीं, एमबीए-बीए (बिजनेस एनालिटिक्स) के पहले सत्र के विद्यार्थियों ने दिसंबर 2022 में ही शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल कर लिया था. निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थी बेहतर संस्थान में जगह बना सकें, इसके लिए स्टूडेंट कॉरपोरेट रिलेशन टीम और प्लेसमेंट सेल लगातार प्रयासरत रही. प्लेसमेंट सेल की टीम ने पूर्ववर्ती रिक्रूटर्स के अलावा विभिन्न क्षेत्र के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से संपर्क कर प्लेसमेंट की प्रक्रिया पूरी करायी. इससे फाइनांस, मार्केटिंग, तकनीकी, कंसल्टिंग और अन्य प्रबंधन कार्यक्षेत्र से जुड़े संस्थान से विद्यार्थी जुड़ने में सफल रहे. वहीं, प्लेसमेंट सेल की चेयरपर्सन डॉ पियाली घोष ने कहा कि संस्था विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर बेहतर अवसरों का उपभोग करने के लिए तैयार करती है. प्लेसमेंट सेल के हेड डॉ सैताभ सिन्हा ने कहा कि आइआइएम रांची अभी भी प्लेसमेंट प्रक्रिया के आंकड़ों का आकलन कर रही है. जल्द ही अंतिम प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी की जायेगी.

Prabhat Khabar, 15.02.2023, Pg. 06